डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

26 फरवरी 2026
गुरुवार




चौसा में वरमाला के दौरान आशिक ने दुल्हन को मारी गोली, हालत गंभीर, वाराणसी रेफर 2



## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा का दावा- दो साल में खत्म हो जाएंगे कूड़े के पहाड़

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि राजधानी दिल्ली के प्रदूषण को रोकने के लिए तात्कालिक और लंबे समय की कई स्तरीय रणनीति के अंतर्गत प्रयास किया जा रहा है। तात्कालिक उपायों के अंतर्गत दिल्ली की सभी सड़कों पर लगातार स्प्रिंकलर से छिड़काव और सड़कों की स्थिति सुधार कर प्रदूषण को कम करने का काम हो रहा है तो दिल्ली से बाहर गुजरने वाली सड़कों को बेहतर बनाकर वाहनों का आवागमन आसान बनाया जा रहा है। इससे राजधानी के प्रदूषण में कमी आएगी। पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए इस क्षेत्र के स्थानीय सांसद हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि दिल्ली में चार हजार के करीब ई बसें-उतारकर बसों से होने वाले प्रदूषण पर लगाम लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि केवल दो वर्ष में 2027 के अंत तक दिल्ली से कूड़े के पहाड़ (गाजीपुर और भलस्वा सहित) पूरी तरह खत्म हो जाएंगे।

### बसपा विधायक के घर इनकम टैक्स का छापा

**लखनऊ।** लखनऊ में मंगलवार को बीएसपी विधायक उमाशंकर सिंह के घर इनकम टैक्स की टीम ने छापा मारा है। 50 से ज्यादा अफसर पुलिस टीम के साथ उनके घर पर कार्रवाई कर रहे हैं। आयकर विभाग की इस कार्रवाई पर योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने नाराजगी जताई है।मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने एक्स पर कहा कि, "उमाशंकर सिंह विद्यायक रसड़ा जनपद बलिया जिनके घर में मेरी बेटी व्याही है के घर में आज आयकर विभाग के द्वारा रेड की जा रही है। देश प्रदेश के राजनेता आयकर सहित सभी संस्थाओं को पता है कि श्री उमाशंकर सिंह दो वर्ष से अधिक से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे है, वर्तमान परिस्थितियों में श्री उमाशंकर सिंह जी के लिए धनार्जन नहीं सांसे बचाने में ही सारा समय और धन व्यय हो रहा हैं सभी व्यवसाय लगभग बंद हो गए है. आज अपने आवास में आइसोलेशन में रह रहे हैं विधानसभा का सत्र एक विधायक के लिए महत्वपूर्ण होता है लेकिन एक घंटे के लिए भी नहीं जा सके।

# 30 हजार की घूस के चक्कर में पकड़ा गया 4 करोड़ से अधिक कैश

- ओडिशा में अफसर के घर मिला नोटों का जखीरा
- खनन उप निदेशक देवव्रत महांति रिश्वत लेते गिरफ्तार
- ओडिशा विजिलेंस की अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी।

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

लाइसेंसधारी कोयला विक्रेता से 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए खनन विभाग के उप निदेशक देवव्रत महांति की गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस की छापेमारी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। भुवनेश्वर स्थित उनके फ्लैट से 4 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई है। ट्रॉली बैगों और अलमारियों में छिपाकर रखे गए इस काले धन की गिनती जारी है। विजिलेंस अधिकारियों के अनुसार, यह ओडिशा विजिलेंस के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी नकद बरामदगी मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार, महांति को सोमवार रात लाइसेंस प्राप्त कोयला विक्रेता से 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के तुरंत बाद विजिलेंस की टीम ने एक साथ उनके भुवनेश्वर स्थित फ्लैट, भद्रक स्थित पैतृक आवास और कटक स्थित कार्यालय कक्ष में छापेमारी शुरू की। छापेमारी के दौरान भुवनेश्वर के पाटिया इलाके में स्थित उनके फ्लैट से ट्रॉली बैग और अलमारियों में छिपाकर रखी गई 4 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई। नकदी की गिनती अभी जारी है, जिसके बाद सटीक राशि की पुष्टि की जाएगी।खनन विभाग के उप निदेशक देवव्रत महांति को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। विजिलेंस की छापेमारी में उनके भुवनेश्वर स्थित फ्लैट से 4 करोड़ रुपये से अधिक नकद बरामद हुए, जो ओडिशा विजिलेंस के इतिहास की सबसे बड़ी बरामदगी है।

### ऑफिस की दराज से 1.20 लाख बरामद

अधिकारियों के अनुसार, यह बरामदगी अब तक की सबसे बड़ी मानी जा रही है। इसके अलावा, महांति के कार्यालय की दराज और उनके पास से 1.20 लाख रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं। विजिलेंस जांच में अब तक अन्य संपत्तियों का भी खुलासा हुआ है। इनमें भुवनेश्वर के पहाल क्षेत्र में लगभग 2400 वर्गफुट में बना एक भव्य दो मंजिला मकान, करीब 130 ग्राम सोना शामिल है ।गौरतलब है कि एक लाइसेंसधारी कोयला व्यापारी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका डिपो सुचारु रूप से चलाने तथा कोयला परिवहन से संबंधित अनुमति में सहयोग करने के बदले 30 हजार रुपये की मांग की जा रही है। शिकायत की सत्यता परखने के बाद विजिलेंस टीम ने जाल बिछाया ।मंगलवार को पूर्व नियोजित योजना के तहत जैसे ही व्यापारी ने आरोपी अधिकारी को 30 हजार रुपये सौंपे, टीम ने मौके पर ही दबोच लिया। रिश्वत की पूरी रकम आरोपी के कब्जे से जब्त कर ली गई।

# पीएम मोदी ने हमास के हमले को बताया बर्बर

**एजेंसी। तेल अवीव**

करीब नौ साल के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजकीय यात्रा पर इस्राइल पहुंचे हैं। हवाई अड्डे पर उनके समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी नेसेट यानी इस्राइली संसद को भी संबोधित कर रहे हैं और ऐसा करने वाले वह भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा समर्थित गाजा शांति पहल एक मार्ग प्रदान करती है। भारत ने इस पहल के लिए अपना दृढ़ समर्थन व्यक्त किया है। हमारा मानना है कि इसमें फलस्तीन मुद्दे को संबोधित करने सहित इस क्षेत्र के सभी लोगों के लिए एक न्यायपूर्ण और स्थायी शांति का वादा है। हमारे सभी प्रयास ज्ञान, साहस और मानवता द्वारा निर्देशित हों। शांति का मार्ग हमेशा आसान नहीं होता, लेकिन भारत इस क्षेत्र में संवाद, शांति और स्थिरता के लिए आपके और दुनिया के साथ खड़ा है। इस्राइली संसद को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, भारत का इस्राइल से संबंध खून और त्याग से जुड़ा हुआ है। 4000 से ज्यादा भारतीय सैनिकों ने अपनी जान इस देश के लिए दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 20वीं शताब्दी में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के इस्राइली यहां आए।

सीमा सुरक्षा, लैंड पोर्ट समेत इन मुद्दो पर फोकस

# सीमांचल के तीन दिवसीय दौरे पर गृह मंत्री अमित शाह



**एजेंसी। पटना**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार शाम करीब 5 बजे बिहार के किशनगंज पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत डिप्टी सीएम सम्राट चैधरी, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने किया। किशनगंज पहुंचते ही अमित शाह मेंची सभागार में समीक्षा बैठक में शामिल हुए। वे किशनगंज, अररिया और पूर्णिया जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों और उच्चस्तरीय बैठकों में भाग लेंगे। अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से सटे इस क्षेत्र की रणनीतिक और सामरिक अहमियत को देखते हुए दौरे को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रशासन ने पूर्णिया और किशनगंज समेत पूरे सीमांचल में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। . यह दौरा 25 से 27 फरवरी तक चलेगा. इसका मुख्य फोकस किशनगंज, अररिया और पूर्णिया जिलों पर है. तीनों जिले नेपाल सीमा से सटे हैं। सुरक्षा के लिहाज से यह क्षेत्र बेहद संवेदनशील माने जाते हैं। सीमा पार गतिविधियों, घुसपैठ और निगरानी तंत्र को मजबूत करने पर खास जोर दिया जा रहा है।

### वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम में होंगे शामिल होगी राजनीतिक बैठक

किशनगंज पहुंचते ही गृह मंत्री ने मिर्ची सभागार में बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल), एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा, घुसपैठ, तस्करी और अन्य सुरक्षा चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अंतर्राज्यीय समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

### वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम की समीक्षा करेंगे शाह

अमित शाह का यह दौरा चार वर्षों बाद सीमांचल के इन संवेदनशील इलाकों में उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। तीनों जिले किशनगंज, अररिया और पूर्णिया नेपाल और बांग्लादेश की सीमाओं के नजदीक होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। दौरे के दौरान गृह मंत्री ह्यवाइब्रेंट विलेजह्न कार्यक्रम की समीक्षा करेंगे, जिसका उद्देश्य सीमावर्ती गांवों का समग्र विकास और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना है।

### स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट पर रखा गया

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थलों तक कड़ी निगरानी रखी गई है। रूट लाइनिंग, पार्किंग और यातायात प्रबंधन के लिए विशेष चार्ट तैयार किया गया है। स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट पर रखा गया है। एम्बुलेंस, ट्रॉमा सपोर्ट और मेडिकल टीमों को आपात स्थिति से निपटने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 25 फरवरी की रात वे किशनगंज स्थित गुजरी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में विश्राम करेंगे। 26 फरवरी को वे अररिया में जनप्रतिनिधियों और सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 27 फरवरी को पूर्णिया में विकास योजनाओं की समीक्षा के बाद वे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे: चीफ जस्टिस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एनसीईआरटी की कक्षा आठ की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार संबंधित अध्याय पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय बताया। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस पर कड़ी नाराजगी और चिंता जताते हुए कहा कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि ये एक सोची समझी साजिश प्रतीत होती है। मैं ज्यादा कुछ नहीं कहूंगा। कानून अपना काम करेगा। पीठ के दूसरे न्यायाधीश जस्टिस जोयमाल्या बाग्ची ने कहा कि पुस्तक संविधान के मूलढांचे के विरुद्ध प्रतीत होती है। ये कड़ी टिप्पणियां सुप्रीम कोर्ट ने तब की जब बुधवार को वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी ने चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जोयमाल्य बाग्ची की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। सिब्बल ने कहा कि इस संस्था का सदस्य होने के नाते उन्हें यह जानकार बहुत दुख हुआ कि एनसीईआरटी कक्षा आठ के छात्रों को न्यायिक भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ा रही है। यह अध्याय पूरी तरह निंदनीय है। सिब्बल ने किताब की प्रति दिखाते हुए कहा कि पुस्तक उनके पास है। इसके बाद चीफ जस्टिस ने बताया कि उन्होंने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया गया है।

चीफ जस्टिस ने कहा कि मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मुझे इसकी पूरी जानकारी है। कृपया एक दिन इंतजार करें। बार और बेंच सभी चिंतित हैं। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश परेशान हैं। उन्होंने कहा कि किसी को भी संस्था को बदनाम करने उसकी गरिमा को धूमिल करने की अनुमति नहीं देंगे। किसी भी कीमत पर इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। चीफ जस्टिस ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें मालूम है कि इससे कैसे निपटना है। सिब्बल ने कहा कि यह आपत्तिजनक है कि बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है।

# कृषि मंत्री की दो टूक: किसानों का पैसा रोकने पर लगेगा 12% ब्याज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार की ओर से कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए कड़े और पारदर्शी सुधारों की बात कही गई है। नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों के आर्थिक हितों से जुड़ा कोई भी समझौता या लेटलतीफी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों के बकाये को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कृषि मंत्री ने चेतावनी दी कि जो भी एजेंसी या राज्य सरकार किसानों का पैसा रोकेगी, उसे उस राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज चुकाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार वित्तीय देरी को खत्म करने के लिए अपना हिस्सा सीधे किसानों के खातों में भेजने के विकल्प पर काम कर रही है। इसके अलावा, एक बड़े नीतिगत बदलाव का संकेत देते हुए उन्होंने सालाना 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की खाद (उर्वरक) सब्सिडी को सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजने पर विचार करने की बात कही, ताकि वास्तविक अन्नदाता को इसका सीधा फायदा मिल सके। किसानों को फसल का तुरंत दाम दिलाने के उद्देश्य से श्री चौहान ने सुझाव दिया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की प्रक्रिया मौजूदा तीन महीने के बजाय अधिकतम एक महीने के भीतर पूरी होनी चाहिए।







## प्यार, जुनून और खून से सनी चौसा की शादी, स्टेज पर मुस्कुराती दुल्हन बनी निशाना

# चौसा में वरमाला के दौरान आशिक ने दुल्हन को मारी गोली, हालत गंभीर, वाराणसी रेफर



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले के चौसा में मंगलवार रात एक ऐसी घटना हुई, जिसने शादी की रौनक को खून से सना मंजर बना दिया। जयमाला की रस्म के ठीक पहले स्टेज पर खड़ी 18 वर्षीय दुल्हन आरती को उसके कथित प्रेमी ने गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। तेज डीजे और शादी के शोर के बीच चली गोली की आवाज किसी को सुनाई तक नहीं दी। जब तक लोग कुछ समझ पाते, दुल्हन स्टेज पर लहूलुहान गिर चुकी थी। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नगर चौसा पंचायत स्थित मल्लाह टोला की है। नंद मल्लाह के घर बेटी की शादी की खुशियां थीं। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सुलेमनपुर गांव से बारात आई थी। दरवाजे पर स्वागत, नाच-गाना और हंसी-ठिठोली के बीच जयमाला की तैयारी चल रही थी।

दुल्हन आरती सजी-धजी स्टेज पर पहुंची। दूल्हा हाथ बढ़ाकर उसे पास बुला रहा था। कैमरे ऑन थे, मोबाइल रिकॉर्डिंग चल रही थी। तभी भीड़ को चीरता हुआ एक नकाबपोश युवक लड़कियों के बीच से स्टेज तक पहुंच गया।

### नकाब, बंदूक और एक फायर...

वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि जैसे ही एक लड़की दूल्हा-दुल्हन की आरती उतार रही थी, युवक ने बेहद नजदीक से दुल्हन पर फायर कर दिया। गोली आरती के पेट में लगी। डीजे की तेज आवाज में गोली की आवाज दब गई। कुछ पल के लिए किसी को समझ ही नहीं आया कि हुआ क्या है। फिर दुल्हन के गिरते ही चीख-पुकार मच गई। पेट से बहते खून को देख शादी का उत्सव मातम में बदल गया।

### दीनबंधु ने मुझे गोली मारी

परिजन तुरंत आरती को सदर अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने के कारण उसे वाराणसी रेफर किया गया, जहां उसका ऑपरेशन चल रहा है। रास्ते में दर्द से कराहती आरती ने परिजनों से कहा कि दीनबंधु ने मुझे गोली मारी है। परिवार के अनुसार, आरोपी युवक दीनबंधु उनका पड़ोसी है और वह आरती से एकतरफा प्यार करता था।

### एकतरफा प्यार या जुनूनी साजिश

आरती के पिता का कहना है कि उनकी बेटी आरोपी को पसंद नहीं करती थी। शादी उत्तर प्रदेश के बलिया में तय हुई थी। इससे पहले भी एक बार शादी तय हुई थी, लेकिन उस वक्त भी युवक ने कथित रूप से लड़के वालों को फोन कर शादी तुड़वा दी थी। स्थानीय लोगों का दावा है कि दोनों के बीच दो साल से प्रेम प्रसंग था, हालांकि परिवार इसे एकतरफा जुनून बता रहा है।

## बक्सर से गिरफ्तार हुआ आरोपित



पुलिस ने इस घटना को बेहद गंभीरता से लिया तथा तत्काल आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस को जैसे ही भनक लगी कि आरोपित बक्सर कोर्ट में सरेंडर करने की फिराक में है, पुलिस ने जाल बिछा उसे कोर्ट परिसर के समीप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि उससे पूछताछ की जा रही है तथा इस बात का पता लगाया जा रहा है कि उसके पास आर्म्स कहा से आया तथा उसका इस लड़की से कितने साल से संबंध था।

### पूर्व में शराब तस्करी मामले में जेल जा चुका है आरोपित



वहीं, आरोपित पूर्व में शराब तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस का कहना है कि उस पर वर्ष 2021 में मुफस्सिल थाने में उत्पा अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज हुआ था, जिसमें वह जेल भी गया था।

### बारात लौटी, आरोपी फरार

घटना के बाद दूल्हा और बाराती सदमे में आ गए। लड़के वालों ने कहा कि उन्हें किसी प्रेम प्रसंग की जानकारी नहीं थी। हालात बिगड़ते देख बारात वापस लौट गई। फायरिंग के बाद अफरा-तफरी का फायदा उठाकर आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने उसके पिता रमाशंकर चौधरी को हिरासत में लिया है। आरोपी के घर पर ताला लगा दिया गया है। मुफस्सिल थाना के एसएचओ चंदन कुमार ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत होता है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### अब उठ रहे है कई सवाल

इस घटना के बाद कई सवाल उठ रहे है। क्या यह सच में एकतरफा प्यार था या रिश्ते में कोई और सच्चाई छिपी है। शादी तुड़वाने की पुरानी कोशिशें क्या किसी बड़े जुनून की आहट थीं। आखिर इतनी भीड़ और सुरक्षा के बीच युवक स्टेज तक कैसे पहुंच गया, जैसे कई सवाल लोगों के दिलो-दिमाग में घुम रहे है, जिसका जबाव फिलहाल किसी के पास नहीं है।

### शादी का मंच बना अपराध का गवाह

जिस मंच पर दो परिवारों का मिलन होना था, वह खून और चीखों का गवाह बन गया। चौसा की यह घटना सिर्फ एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि समाज में पनपते जुनूनी प्रेम और अस्वीकृति को न सह पाने की मानसिकता का भी आईना है। अब सबकी निगाहें पुलिस की कार्रवाई और आरती की सेहत पर टिकी हैं। शादी की सजावट अभी भी घर में है, लेकिन खुशियों की जगह खामोशी पसरी है।

## एक नजर

### डुमरांव में डॉग फीडिंग प्वाइंट की तैयारी तेज



**डुमरांव।** नगर परिषद डुमरांव ने शहर में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए एक नई पहल शुरू की है। अब नगर क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में डॉग फीडिंग प्वाइंट बनाया जाएगा, जहां कुत्तों के लिए नियमित भोजन की व्यवस्था होगी। इसके लिए भोजन पात्र (फीडिंग बाउल) की खरीदारी भी कर ली गई है और उन्हें नगर परिषद परिसर में सुरक्षित रखा गया है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राहुल धर दूबे ने बताया कि इस योजना के तहत हर वार्ड में सरकारी जमीन पर फीडिंग जोन विकसित किया जाएगा। इसके लिए उपयुक्त स्थल चयनित कर अंचल प्रशासन को पत्र भेजकर जमीन हैंडओवर करने का अनुरोध किया गया है। जमीन मिलते ही सबसे पहले उसकी घेराबंदी कर सुरक्षित परिसर तैयार किया जाएगा।

**नस्ल के अनुसार अलग व्यवस्था :** योजना के तहत कुत्तों को उनकी नस्ल और स्थिति के अनुसार रखने की व्यवस्था होगी। नवजात पिल्लों के लिए अलग स्थान और भोजन की व्यवस्था की जाएगी। वहीं, रेबीज से ग्रसित कुत्तों के लिए पृथक जोन बनाया जाएगा ताकि उनका संपर्क अन्य कुत्तों से न हो सके। इस कार्य के संचालन के लिए कर्मियों की नियुक्ति भी की जाएगी।

**डॉग फाइटिंग प्वाइंट के लिए भी जगह की तलाश :** नगर परिषद ने बताया कि डॉग फाइटिंग प्वाइंट (जहां कुत्तों के बीच आपसी झगड़े की घटनाएं अधिक होती हैं) को नियंत्रित करने के उद्देश्य से भी उपयुक्त स्थान की तलाश की जा रही है। इसके लिए अंचल प्रशासन से जमीन उपलब्ध कराने की मांग की गई है, ताकि कुत्तों को व्यवस्थित क्षेत्र में रखा जा सके और सड़कों पर होने वाली झड़पों पर रोक लगे।

**लोगों में चर्चा, राहत की उम्मीद :** शहर में इस पहल को लेकर चर्चा तेज है। लोगों का कहना है कि आए दिन कुत्तों के काटने की घटनाओं से भय का माहौल रहता है। पीड़ितों को अस्पताल में एंटी-रेबीज टीका लगवाने के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। रात में बाहर निकलना या बच्चों का अकेले खेलना भी चिंता का कारण बन जाता है। नगर परिषद को उम्मीद है कि फीडिंग प्वाइंट बनने से कुत्ते सड़कों और गलियों में कम दिखेंगे, जिससे आमजन को राहत मिलेगी और शहर में बेहतर व्यवस्था कायम हो सकेगी।

### जलवायु संकट के बीच हरित जनअभियान की शुरूआत



**राजपुर।** बदलते मौसम और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव के बीच राजपुर प्रखंड की राजपुर पंचायत में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक नई पहल शुरू की गई। पंचायत के मुखिया अनिल सिंह ने ग्रामीणों के बीच पौधों का वितरण कर हरित जनअभियान की शुरूआत की और लोगों को पर्यावरण बचाने का सामूहिक संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का सीधा असर जनजीवन और खेती-किसानी पर पड़ रहा है। पिछले एक महीने से तापमान और मौसम के मिजाज में आए उतार-चढ़ाव ने रबी फसलों को प्रभावित किया है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। ऐसे हालात में पर्यावरण संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गया है। मुखिया ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर जीव-जंतुओं और मानव जीवन की रक्षा के लिए हरियाली बेहद जरूरी है। वृक्ष न केवल ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिवर्ष कम से कम 100 पौधे अपने हाथों से लगाए और उनकी देखभाल भी सुनिश्चित करे। यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन्हें संरक्षित करने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। राजद नेता उमेश सिंह, कृष्णा सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे समय की मांग बताया और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।

### बक्सर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर भाकपा-माले का आक्रोश

**डुमरांव।** भाकपा-माले के बक्सर जिला सचिव सह केंद्रीय कमेटी सदस्य नवीन कुमार ने जिले में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर गहरा आक्रोश जताते हुए राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि हत्या, हत्या के प्रयास, दुष्कर्म और डकैती जैसी घटनाओं में वृद्धि से कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक हो गई है। नवीन कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में अपराधियों और दबंगों का मनोबल बढ़ा हुआ है। चौसा में वरमाला के दौरान स्टेज पर दुल्हन को गोली मारने की घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे ह्लमहाजंगलराजह्व की संज्ञा दी। इसके अलावा नीट छात्रा के साथ दुष्कर्म-हत्या, चक्की में युवती का संदिग्ध अवस्था में शव मिलना तथा किरनी में नाबालिग से दुष्कर्म जैसी घटनाओं का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन अपराध नियंत्रण में विफल साबित हो रहा है।

# वायरल वीडियो की पुष्टि के बाद बड़ी कार्रवाई बगेन थाना के दारोगा मनीष कुमार निलंबित

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सरस्वती पूजा पंडाल में नर्तकी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में दिख रहे बगेन थाना के दारोगा मनीष कुमार के वायरल वीडियो मामले में पुलिस विभाग ने त्वरित और सख्त कार्रवाई की है। मामला संज्ञान में आने तथा खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश जारी किए थे।

एसपी ने इस मामले की जांच का जिम्मा डुमरांव के एसडीपीओ पोलस्त कुमार को सौंपा। एसडीपीओ द्वारा की गई जांच में वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि हुई। जांच में पाया गया कि वीडियो सरस्वती पूजा के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का ही है, जिसमें दारोगा मनीष कुमार वर्दी की



गरिमा के विपरीत आचरण करते नजर आ रहे हैं।

जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एसपी मनीष कुमार ने बिना विलंब किए बगेन थाना में पदस्थापित दारोगा मनीष कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी गई है।

गौरतलब है कि सरस्वती पूजा की रात थाना के समीप आयोजित कार्यक्रम में भोजपुरी गीतों पर नृत्य का आयोजन किया गया था। उसी दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें दारोगा एक नर्तकी को गोद में बैठाए दिखाई दे रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था और आम लोगों के बीच भी इसे लेकर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली।

एसपी ने स्पष्ट किया है कि पुलिस विभाग की छवि को धूमिल करने वाले किसी भी आचरण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता और कर्तव्य के प्रतिकूल व्यवहार करने वाले कर्मियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई के बाद महकमे में स्पष्ट संदेश गया है कि वर्दी की गरिमा से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी स्थिति में संरक्षण नहीं मिलेगा।

# सैनिकों के लिए 50 डिसीमिल जमीन की मांग सदन में उठी

- **सदर विधायक आनंद मिश्रा ने बहुउद्देश्यीय भवन निर्माण का दिलाया भरोसा**

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं सेवारत सैनिक परिवारों के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए सदर विधायक सह पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा ने विधानसभा सदन में 50 डिसीमिल जमीन उपलब्ध कराने की मांग गंभीरता से उठाई है। इस जमीन पर कैंटीन, सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय, ईसीएचएस पॉलिक्लिनिक तथा सैनिक आरामगृह के निर्माण का प्रस्ताव है।

जानकारी के अनुसार, आईईएसएम बक्सर के जिलाध्यक्ष सूबेदार हरेंद्र तिवारी द्वारा इस संबंध में एक पत्र विधायक को सौंपा गया था। पत्र में सैनिकों एवं उनके परिवारों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शहर के भीतर उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। इसके बाद जिला उपाध्यक्ष सूबेदार विद्यासागर चौबे की अध्यक्षता में पूर्व सैनिकों का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक से मिला और अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

विधायक आनंद मिश्रा ने मामले को प्राथमिकता देते हुए 25 फरवरी को विधानसभा में इस विषय को उठाया। उन्होंने सदन में स्पष्ट कहा कि देश की सेवा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सैनिकों और शहीद परिवारों की सुविधाओं का ध्यान रखना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि सरकार की ओर से भूमि उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो वैकल्पिक व्यवस्था कर जमीन खरीदने का प्रयास भी किया जाएगा।

इस घोषणा के बाद जिले के सैनिकों और वीर नारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से सैनिक कल्याण से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में पूर्व सैनिकों को विभिन्न कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ता था। प्रस्तावित बहुउद्देश्यीय सैनिक भवन के निर्माण से कैंटीन, पॉलिक्लिनिक और आरामगृह जैसी सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे सैकड़ों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।

पूर्व सैनिकों ने विधायक की इस पहल को सराहनीय बताते हुए आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि इससे न केवल सैनिकों को सम्मान मिलेगा, बल्कि उनके परिवारों को भी आवश्यक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर सुलभ हो सकेंगी। अब सभी की निगाहें सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं, ताकि यह पहल शीघ्र ही धरातल पर साकार हो सके।

Mob: 9122226720
कुमार आर्थोपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, छेठवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरुवार

SANGAM SUPER SPECIALTY HOSPITAL
संगम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल

परामर्श शुल्क मात्र ₹ 1/-
+ जनरल फिजिशियन
+ स्त्री रोग विशेषज्ञ
+ जनरल व गेस्ट्रो सर्जरी
+ बाल रोग विशेषज्ञ
+ नाक, कान, गला विशेषज्ञ
+ हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ
+ न्यूरो फिजिशियन व सर्जरी
+ हृदय रोग विशेषज्ञ
+ ओनको सर्जरी (कैंसर)
+ यूरोलॉजी सर्जरी
+ फिजियो थेरेपी सेन्टर
+ पैथोलॉजी
Add.: 53/2, Avadhpuri Colony, Khargapur, Gomti Nagar, Lucknow - 226010 | Email : Sangamhospitals2025@gamil.com
Mob.: 9956026260, 9044872872

# मरम्मत के लिए जा रही फायर ब्रिगेड बीच रास्ते बनी हादसे का शिकार

- **प्रतापसागर के पास स्टेयरिंग फेल होने की आशंका, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी समेत चार कर्मी घायल, बड़ा हादसा टला**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

आग से जंग लड़ने वाली गाड़ी खुद सड़क हादसे का शिकार हो गई। आरा-बक्सर फोरलेन पर प्रतापसागर के समीप उस वक्त हड़कंप मच गया जब डुमरांव अग्निशमन विभाग की एक फायर ब्रिगेड गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद कुछ देर के लिए अफरातफरी की स्थिति बन गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वाहन में तकनीकी खराबी आने से यह हादसा हुआ। आशंका जताई जा रही है कि गाड़ी का स्टेयरिंग अचानक जवाब दे गया, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क किनारे पलट गया। बताया जाता है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए विभाग अपनी गाड़ियों को पूरी तरह दुरुस्त करने में जुटा है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन का लगभग 80 प्रतिशत मरम्मत कार्य पूरा हो चुका था और शेष कार्य के लिए उसे बक्सर ले जाया जा रहा था।

हादसे के समय गाड़ी में अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी शिखा कुमारी, चालक राजकुमार और दो अग्निक सिपाही सवार थे। प्रतापसागर के पास अचानक वाहन असंतुलित हुआ और पलट गया। दुर्घटना में शिखा कुमारी को आंशिक चोटें आईं, जबकि चालक राजकुमार समेत अन्य कर्मियों को भी हल्की चोट लगी।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने मदद के लिए दौड़ लगाई। पास स्थित टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मियों ने राहत कार्य शुरू किया। एनएचएआई और पीएनसी की टीम ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। सभी को इलाज के लिए मेथोडिस्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई।

दुर्घटना के बाद पीएनसी टीम ने क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क किनारे हटाकर यातायात सामान्य कराया। गनीमत रही कि हादसा भीषण रूप नहीं ले सका। फायर ब्रिगेड के कर्मी सुरक्षित हैं, लेकिन इस घटना ने विभागीय वाहनों की तकनीकी जांच और रखरखाव को लेकर कई सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं।

## पुलिस सप्ताह के दूसरे दिन अनोखी पहल, एनएच-120 पर दो घंटे चला सुरक्षा अभियान, थानाध्यक्ष कर रहे थे नेतृत्व

# गांधीगिरी से जागरूकता : डुमरांव पुलिस ने गुलाब और हेलमेट देकर सिखाया सुरक्षा का पाठ





**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार पुलिस सप्ताह के दूसरे दिन बुधवार को डुमरांव थाना परिसर के सामने एनएच-120 पर एक अलग ही नजारा देखने को मिला। यहां डुमरांव पुलिस ने सख्ती नहीं, बल्कि गांधीगिरी के अंदाज में लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की सीख दी। बिना हेलमेट बाइक चला रहे चालकों को रोककर न तो चालान काटा गया और न ही डांट-फटकार लगाई गई, बल्कि उन्हें गुलाब का फूल देकर प्यार से समझाया गया। साथ ही कई लोगों को हेलमेट भी भेंट किया गया।

इस अनोखे कार्यक्रम का नेतृत्व थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने किया। उनके साथ एसआई रविशंकर पांडेय, प्रियंका कुमारी, पीएसआई नेहा त्रिपाठी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। करीब दो घंटे तक चले इस अभियान में दर्जनों बाइक चालकों को रोका गया और उन्हें हेलमेट पहनने की अहमियत समझाई गई।

पुलिस का अंदाज बिल्कुल अलग था। जब भी कोई चालक बिना हेलमेट नजर आता, उसे सम्मानपूर्वक रुकवाया जाता। फिर एक गुलाब का फूल देकर कहा जाता ‌आपका जीवन अनमोल है। घर पर आपका परिवार आपकी सुरक्षित वापसी का इंतजार करता है। एक छोटी सी लापरवाही पूरे परिवार को संकट में डाल सकती है। यह भावनात्मक अपील सुनकर कई लोग खुद को शर्मिंदा भी महसूस करते दिखे।

अभियान के दौरान कई दिलचस्प दृश्य भी सामने आए। अगर बाइक पर पति-पत्नी साथ जा रहे होते और चालक ने हेलमेट नहीं पहना होता, तो पुलिस पहले हेलमेट के महत्व पर समझाती। इसके बाद पत्नी से गुलाब का फूल दिलवाकर पति को आजीवन हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की शपथ दिलाई जाती। फिर पुलिस की ओर से उसे हेलमेट उपहार स्वरूप दिया जाता। यह दृश्य देख आसपास खड़े लोग मुस्कुरा उठते और ताली बजाकर इस पहल की सराहना करते।

थानाध्यक्ष ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक सिर में चोट लगने से मौतें होती हैं, जिन्हें हेलमेट पहनकर काफी हद तक रोका जा सकता है। इसलिए दंड के बजाय संवाद और संवेदनशीलता के जरिए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया है। उनका कहना था कि यदि लोग खुद अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए सजग हो जाएं, तो सड़क हादसों की संख्या में निश्चित रूप से कमी आएगी।

इस पहल का आम लोगों ने भी स्वागत किया। स्थानीय नागरिकों का कहना था कि पुलिस का यह सकारात्मक और मानवीय चेहरा समाज में भरोसा बढ़ाता है। यदि इसी तरह प्रेमपूर्वक समझाकर नियमों का पालन कराया जाए, तो लोग अधिक जिम्मेदारी से व्यवहार करेंगे।

## एक नजर

### सूने घर में चोरी: बीमार वृद्धा के इलाज के दौरान छत के रास्ते घुसे चोर, लाखों की संपत्ति ले उड़े

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दंगौली गांव में सूने पड़े एक मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस समय हुई जब घर की देखरेख कर रही वृद्ध महिला बीमारी के कारण परिजनों के साथ इलाज के लिए दिल्ली गई हुई थीं।

घर बंद होने का फायदा उठाकर चोर छत के रास्ते अंदर घुसे और इत्मीनान से वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब पड़ोस की एक महिला ने घर का दरवाजा खुला देखा तो उसे शक हुआ। अंदर झांकने पर सामान बिखरा पड़ा मिला। इसके बाद ग्रामीणों को सूचना दी गई और गृहस्वामी रमेश कुमार को फोन पर घटना की जानकारी दी गई। परिवार के गांव पहुंचने पर देखा गया कि गोदरेज, बक्सा और सूटकेस के ताले टूटे हुए थे तथा कमरे पूरी तरह अस्त-व्यस्त पड़े थे। गृहस्वामी के अनुसार करीब 30 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, दो लाख रुपये नकद और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र किए। थानाध्यक्ष प्रफुल कुमार ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आसपास के संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग की है।

### चून्नीडेरा में मृत युवती के परिजनों से मिली भाकपा-माले टीम, न्याय व सुरक्षा की मांग

**डुमरांव।** चक्की प्रखंड के चून्नीडेरा गांव में संदिग्ध अवस्था में मृत पाई गई युवती सुनीता के परिजनों से मिलने बुधवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) की पांच सदस्यीय टीम पहुंची। टीम ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली तथा न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। टीम का नेतृत्व माले नेता सह मणियां मुखिया प्रतिनिधि रामदेव सिंह यादव कर रहे थे। उनके साथ अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव के रूप में भी वे मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल में ऐपवा जिला अध्यक्ष रेखा देवी, जिला सचिव संध्या पाल, अखिल भारतीय खेत-ग्रामीण मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिला सह सचिव बीरबहादुर पासवान तथा ऐपवा नेता पूजा यादव शामिल थे। टीम ने परिजनों के साथ-साथ ग्रामीणों से भी बातचीत की और घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमंडल ने मृत युवती के हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी तथा कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। साथ ही परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जांच के नाम पर निर्दोष ग्रामीणों को प्रताड़ित नहीं करने की मांग प्रशासन से की गई।

# प्रचार विभाग की बैठक में कार्यों की समीक्षा, सोशल मीडिया उपयोग पर जोर




**केटी न्यूज/नावानगर**

प्रखंड के बाली सोनवर्षा स्थित शिवकुमारी कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में बुधवार को भोजपुर विभाग के प्रचार विभाग की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से विगत कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रचार तंत्र को और सशक्त बनाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला प्रचारक अभिषेक भारती, विभाग प्रमुख लालबाबू प्रसाद यादव, दक्षिण बिहार के प्रांत प्रचार संयोजक गिरीश कुमार द्विवेदी, पत्रकार अरुण कुमार सिंह एवं त्रिलोकी नाथ चौबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता विद्यालय संरक्षक डॉ. विश्वनाथ साह ने की। संचालन सुप्रिया कुमारी ने किया, जबकि अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र राय ने कराया। बैठक में भोजपुर एवं बक्सर जिले के विभिन्न सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिरों के प्रचार विभाग से जुड़े आचार्यों ने भाग लिया। इस दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रभावी संचालन, समाचार लेखन की शैली, समय पर समाचार प्रेषण तथा सकारात्मक गतिविधियों के व्यापक प्रसार पर विशेष बल दिया गया। प्रांत प्रचार संयोजक गिरीश कुमार द्विवेदी एवं उपस्थित पत्रकारों ने समाचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के व्यावहारिक सुझाव दिए। वहीं पत्रकार बादल ने डिजिटल माध्यमों के उपयोग और जनसंपर्क बढ़ाने की रणनीतियों पर विस्तार से जानकारी दी। अंत में विकास दूबे ने आभार व्यक्त किया। मौके पर काशीनाथ पांडेय, वरुण कुमार, अशोक कुमार, नरेंद्र कुमार, प्रदीप राय, अनिल कुमार, राजदीप कुमार, शशि कुमार, नीरज कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# रफ्तार बनी काल : बक्सर-इटाढ़ी मार्ग पर एक ही रात में तीन घरों के बुझ गए चिराग



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर-इटाढ़ी मुख्य मार्ग मंगलवार की रात मातम की सड़क में तब्दील हो गया। महज कुछ घंटों के अंतराल पर हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की जान चली गई। तेज रफ्तार और लापरवाही ने तीन परिवारों के सपनों को हमेशा के लिए तोड़ दिया। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पहला हादसा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालगंज स्थित वास्तु बिहार के समीप हुआ। धनसोई थाना क्षेत्र के सिसौंधा निवासी विश्वनाथ यादव के 33 वर्षीय पुत्र उपेंद्र यादव बाइक से बक्सर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। रात का समय और सुनसान सड़क होने के कारण घायल अवस्था में वे काफी देर तक वहीं पड़े रहे। गश्ती पर निकली पुलिस की नजर जब उन पर पड़ी तो उन्हें तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर रात के समय भारी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है, जबकि रोशनी और निगरानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। ऐसे में हादसों की आशंका बढ़ जाती है। दूसरी घटना इसी मार्ग पर पीसी कॉलेज के समीप हुई, जहां दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इटाढ़ी थाना क्षेत्र के हरपुर निवासी अरविंद चौधरी के 22 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार बक्सर से अपने गांव लौट रहे थे। वहीं लालगंज निवासी राजनरायन सिंह के 30 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार तेज गति से बाइक चला रहे थे। अचानक दोनों की बाइकों की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। लगातार हुई इन दो घटनाओं से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। तीनों युवकों की मौत की खबर मिलते ही उनके घरों में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। चौकी प्रभारी गुड्डू चौधरी ने बताया कि दोनों मामलों में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं स्थानीय लोग इस मार्ग पर रफ्तार पर लगाम और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# होली व ईद-उल-फितर को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

- **डीजे व अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी के निर्देश**




**केटी न्यूज/बक्सर**

होली पर्व एवं ईद-उल-फितर के मद्देनजर समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी साहिला एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने संयुक्त रूप से की। बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों व शांति समिति के सदस्यों ने भाग लेकर अपने-अपने सुझाव प्रशासन के समक्ष रखे। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि 03 एवं 04 मार्च को होली पर्व मनाया जाएगा, जबकि 02 मार्च की रात्रि में होलिका दहन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि होली के अवसर पर डीजे एवं अश्लील गानों पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। सभी थानाध्यक्षों को सख्ती से इसका अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।

होलिका दहन स्थलों के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रायः पूर्व से चिन्हित स्थानों पर ही दहन किया जाता है। अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव को सभी स्थलों का सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी संभावित विवाद की स्थिति में प्रशासन को समय रहते सूचना मिल सके। साथ ही होलिका दहन के बाद अवशेषों का समुचित निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। नगर परिषद बक्सर को दहन के पश्चात साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि होली के दौरान मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर बाइक से पेट्रोलिंग कराई जाएगी तथा एक नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) की स्थापना भी की जाएगी। होली के दिन त्वरित कार्रवाई दल भी तैनात रहेगा। किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि की सूचना तत्काल नियंत्रण कक्ष को देने की अपील की गई।

जिलाधिकारी ने सभी थानाध्यक्षों को होली से पूर्व होटल एवं लॉज की सघन जांच करने का निर्देश दिया। नगर परिषद बक्सर को सभी सीसीटीवी कैमरों को सुचारु रूप से क्रियाशील रखने के निर्देश दिए गए हैं। अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव को डीजे संचालकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश देने को कहा गया। राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू होने का उल्लेख करते हुए अधिकारियों ने कहा कि होली के अवसर पर शराब, गांजा, भांग या अन्य मादक पदार्थों का सेवन कर असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की आशंका को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जाएगी। अधीक्षक मद्यनिषेध एवं सभी थानाध्यक्षों को शराब माफिया व शरारती तत्वों की पहचान कर उन पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। सोशल मीडिया पर अफवाहों को रोकने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर व डुमरांव को विशेष निगरानी रखने को कहा गया है। समिति के सदस्यों से अपील की गई कि वे अपने-अपने स्तर से लोगों को शांति, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने के लिए प्रेरित करें तथा किसी की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले कार्य से बचें। बैठक में यह भी बताया गया कि ईद-उल-फितर 21 मार्च को मनाई जाएगी। रमजान माह की अंतिम जुम्मे की नमाज 20 मार्च को ईदगाहों एवं मस्जिदों में अदा की जाएगी। ईद के अवसर पर ईदगाहों एवं मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई, पेयजल एवं रोशनी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सभी नगर निकायों को निर्देशित किया गया है।

# ग्रामीण प्रतिभाओं को नई उड़ान : कनझरुआ पंचायत में आधुनिक पुस्तकालय का शुभारंभ




**केटी न्यूज/डुमरांव**

ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत डुमरांव प्रखंड के कनझरुआ पंचायत में आधुनिक पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। पंचायती राज विभाग के निर्देश पर स्थापित इस पुस्तकालय का उद्घाटन एसडीएम राकेश कुमार ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ फीता काटकर किया। कार्यक्रम में कनझरुआ पंचायत के मुखिया असगर अली, मुंगाव पंचायत के मुखिया इंदल सिंह, ग्रामीण अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम राकेश कुमार ने कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से पुस्तकालय आकर अध्ययन करने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की सुविधाएं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का समान अवसर प्रदान करेंगी। पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की पाठ्यपुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अध्ययन सामग्री, दैनिक समाचार पत्र, पत्रिकाएं और संदर्भ पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। शांत एवं सुव्यवस्थित वातावरण विद्यार्थियों को एकाग्र होकर पढ़ाई करने में सहायक होगा। मुखिया असगर अली ने इसे पंचायत स्तर पर शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। वहीं मुखिया इंदल सिंह ने कहा कि यह पुस्तकालय ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने में अहम भूमिका निभाएगा। ग्रामीण अभिभावकों ने भी प्रसन्नता जताते हुए कहा कि अब उनके बच्चों को बेहतर अध्ययन सामग्री के लिए शहर का रुख नहीं करना पड़ेगा। पंचायत स्तर पर पुस्तकालय की यह पहल ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक और दूरगामी प्रयास के रूप में देखी जा रही है।

# होली पर्व से पहले एसडीएम ने शांति समिति की बैठक में दिए विशेष निर्देश

■ **बिक्रमगंज में होली-रमजान पूरे रोहतास को देता है भाईचारे का पैगाम : प्रभात कुमार**



**केटी न्यूज/रोहतास**

बुधवार को बिक्रमगंज थाना परिसर में होली पर्व को लेकर एसडीएम प्रभात कुमार के नेतृत्व में अनुमंडल स्तरीय एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रखंड और नगर परिषद क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि व आमजनों सहित मीडिया सदस्यों ने भी भाग लिया। बैठक में होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा कुछ मुख्य निर्देश भी जारी किया गया। जिस संदर्भ में प्रभात कुमार ने सभा संबोधन में कहा कि इस बार होली पर्व पर हुड़दंग और शराब तस्करों और नशेड़ियों को दबोचने के लिए प्रशासन के द्वारा सख्त करवाई के अभी से योजना बनाई जा रही है। होली में शराब पीकर हंगामा करने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई त्वरित जेल भेजा जायेगा। पर्व में डीजे साउंड बजाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगी। साथ ही अश्लील गाना बजाने वालों की भी गिरफ्तारी हो सकती है। एसडीएम ने कहा कि पर्व पर शालीनता परिचय देते हुए किसी को भी उसकी मर्जी के बिना जबरन रंग या कीचड़ न लगाएं। क्योंकि बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्रों में एक साथ मनाई जाने वाली होली और रमजान पर्व पूरे रोहतास जिले में भाईचारे का एक ऐतिहासिक पैगाम देती है। परंपरा का पालन करते हुए होलिका दहन केवल पुराने निर्धारित स्थलों एवं मार्गों पर ही करें। दूसरी तरफ सोशल मीडिया निगरानी कड़ी निगरानी देखते हुए भ्रामक, सांप्रदायिक या भड़काऊ पोस्ट साझा करने वालों के उपर साइबर सेल द्वारा पैनी नजर रहेगी। यदि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्वों की सूचना लोगों को मिले तो वह तत्काल स्थानीय पुलिस प्रशासन को दें। जबकि होली पर्व के साथ रमजान को लेकर एसडीएम ने बैठक में पूरे अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी विशेष निर्देश जारी कर दिया है। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों सहित जनता ने भी दोनों पर्व पर अपने-अपने विचार को रखा।

बैठक में थानाध्यक्ष ललन कुमार, अंचल निरीक्षक शेर सिंह, अग्निशामक अवध कुमार दास, बीडीओ सुनील कुमार गौतम, ईओ कोमल कुमारी,प्रखंड प्रमुख राकेश सिंह लाली, जेई नवदीप गोयल व मुखिया विनय चौधरी, मदन प्रसाद वैश्य,अयूब खां जसीम कुरैशी, शिक्षक आलिम कुरैशी, लड़न खां, वार्ड सदस्य डब्लू खां,सोनू खान, रामचंद्र नट,पिंटू यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# किशनगंज में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की हाईलेवल बैठक, सीमा सुरक्षा और विकास योजनाओं की समीक्षा



**एजेंसी। पटना**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने तीन दिवसीय बिहार दौरे के पहले दिन बुधवार शाम सीमांचल के किशनगंज पहुंचकर लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक जिला परिषद परिसर स्थित सभागार में आयोजित की गई।बैठक में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, बिहार के उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय गृह सचिव तथा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।गृह मंत्री के दौरे को लेकर जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एयरपोर्ट से उनका काफिला सीधे जिला परिषद परिसर पहुंचा, जहां वरीय अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। करीब दो घंटे तक चली बैठक में सीमा क्षेत्र में संचालित विभिन्न परियोजनाओं और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि किशनगंज जिले की लगभग 114 किलोमीटर लंबी सीमा नेपाल से सटी है, जबकि भारत-बांग्लादेश सीमा यहां से करीब 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से यह क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील माना जाता है।बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास और सुरक्षा सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक के उपरांत गृह मंत्री बिहार सरकार में उद्योग एवं पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के आवास पर रात्रि विश्राम के लिए रवाना हुए। वहां बिहार और पश्चिम बंगाल के भाजपा नेताओं के साथ उनकी बैठक की भी जानकारी है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से यह क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील

उल्लेखनीय है कि किशनगंज जिले की लगभग 114 किलोमीटर लंबी सीमा नेपाल से सटी है, जबकि भारत-बांग्लादेश सीमा यहां से करीब 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से यह क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील माना जाता है।

### भारत-नेपाल सीमा से जुड़े मुद्दों पर करेंगे मंथन

इसके बाद अररिया समाहरणालय में सात सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ भारत-नेपाल सीमा से जुड़े मुद्दों पर समीक्षा बैठक करेंगे। इसी दौरान केंद्र प्रायोजित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की भी समीक्षा होगी। केंद्रीय गृह सचिव के साथ एसएसबी, ईडी और आइबी के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी की संभावना है। वे 26 फरवरी की रात पूर्णिया में ठहरेंगे। 27 फरवरी को पूर्णिया या पटना में सीमावर्ती जिलों से संबंधित मामलों पर एक और महत्वपूर्ण बैठक हो सकती है। बैठक के बाद वे उसी दिन दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

# स्कूल में घुसकर प्रिंसिपल की पिटाई, घटना की तस्वीर सीसीटीवी में कैद, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**एजेंसी। पटना**



गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाय..बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय..संत कबीरदास के इस दोहे का अर्थ यह है कि यदि गुरु और गोविंद (भगवान) दोनों साथ खड़े हों तो सबसे पहले गुरु का चरण स्पर्श करना चाहिए। क्योंकि गुरु ने ही ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग बताया है। यह दोहा आप भी बचपन में पढ़े होंगे। लेकिन वायरल वीडियो में दिख रहे युवकों को देखकर ऐसा लगता है कि शायद इन लोगों ने कबीरदास का दोहा पढ़ा ही नहीं है। यही कारण है कि वो गुरु के महत्व को नहीं जानते हैं और वह कदम उठा लेते हैं जिसकी कल्पना भी पहले कोई नहीं करता था। हम बात कर रहे हैं बिहार के गोपालगंज के कुचायकोट प्रखंड के रतनपुरा स्थित मंगल सिंह उच्च विद्यालय की जहां का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देखकर हर कोई हैरान है। यह घटना जब स्कूल में हुई तब उस वक्त अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। दरअसल कुछ असामाजिक तत्व के युवक स्कूल परिसर में जबरन घुस आए और जमकर हंगामा करने लगे। इस दौरान उपद्रवियों ने प्रधानाध्यापक के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट भी की। घटना से विद्यालय परिसर में दहशत का माहौल कायम हो गया। प्रधानाध्यापक के साथ बदसलुकी करने वाले युवक उसी स्कूल में पढ़ते है या नहीं इसका पता अभी नहीं चल सका है। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर कुछ युवक विद्यालय में प्रवेश कर सीधे प्रधानाध्यापक कक्ष में पहुंच गए। वहां मौजूद प्रधानाध्यापक अनिल कुमार पांडेय के साथ उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ हाथापाई की। अचानक हुई इस घटना से विद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राएं सहम गए। घटना की पूरी वारदात विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वही वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग के अधिकारी

# मुंगेर में बच्चा चोरी की साजिश नाकाम, दादी बनी ढाल, केमिकल छिड़क फरार हुईं संदिग्ध युवतियां

**एजेंसी। पटना**



मुंगेर जिले में बच्चा चोरी की अफवाहों के बीच मंगलवार देर रात एक सनसनीखेज घटना ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी। असरगंज प्रखंड के चोर गांव पंचायत अंतर्गत बिंद टोला में घर के बरामदे में सो रहे दो मासूम बच्चों को उठाने की कोशिश की गई। दादी की सतर्कता से बच्चों की जान बच गई, लेकिन केमिकल छिड़ककर फरार हुईं संदिग्ध युवतियों ने इलाके में दहशत फैला दी है।जानकारी के अनुसार, 65 वर्षीय सीमा देवी अपने छह वर्षीय पोते रितेश कुमार और दस वर्षीय पोती रागिनी के साथ मच्छरदानी लगाकर बरामदे में सो रही थीं। देर रात दो अज्ञात युवतियां दबे पांव वहां पहुंचीं और मच्छरदानी हटाकर बच्चों को खींचने लगीं। आहट से सीमा देवी की नींद खुल गई तो उन्होंने शोर मचा दिया।शोर सुनते ही दोनों युवतियां घबरा गईं। आरोप है कि भागने के दौरान उन्होंने बुजुर्ग महिला पर किसी अज्ञात केमिकल का छिड़काव कर दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गईं। केमिकल के असर से सीमा देवी बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्हें अचेत अवस्था में पाया। तुरंत डायल 112 पर सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, असरगंज में भर्ती कराया, जहां करीब दो घंटे बाद उन्हें होश आया।होश में आने के बाद सीमा देवी ने पूरी घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से बच्चा चोरी की अफवाहें फैल रही थीं, जिससे लोग पहले से ही भयभीत थे। इस घटना ने आशंकाओं को और बढ़ा दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों में पूछताछ जारी है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की है।

## एक नजर

### सिगरेट नहीं देने पर बदमाशों ने दुकानदार को मार दी गोली, पीड़ित गंभीर स्थिति में हॉस्पिटल में भर्ती

**मधेपुरा।** शहर के टीपी कॉलेज के समीप मंगलवार देर रात सिगरेट और गुटखा देने से इनकार करने पर बदमाशों ने एक दुकानदार को मुंह में गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल दुकानदार का इलाज सहरसा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, पुरानी बाजार वार्ड संख्या चार निवासी पिंटू केसरी टीपी कॉलेज के पास किराना दुकान चलाते हैं। मंगलवार रात करीब 12 बजे वे दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान दो पल्सर बाइक पर सवार पांच युवक वहां पहुंचे और सिगरेट व गुटखे की मांग करने लगे। दुकानदार द्वारा देर रात होने और सामान उपलब्ध नहीं होने की बात कहने पर बदमाश उग्र हो गए।प्रत्यक्षदर्शी और दुकान के स्टाफ शहनवाज ने बताया कि वे दुकान के पीछे के गेट में ताला लगाकर बाहर निकल रहे थे, तभी बाइक सवार दो युवक सामान मांगने लगे। मना करने पर एक युवक ने बंदूक तान दी और उससे मोबाइल, पर्स और नकदी छीन ली। इसके बाद पिंटू केसरी के साथ छीना-झपटी की और उन्हें गोली मार दी। गोली उनके मुंह में लगी और जबड़े में फंस गई। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी हथियार लहराते हुए बेलहा घाट की ओर फरार हो गए। बताया गया कि सभी बदमाशों ने चेहरा ढक रखा था।घायल पिंटू केसरी को उनके बड़े भाई पप्पू केसरी और स्टाफ शहनवाज ने तत्काल जननायक कपूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें सहरसा के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां ऑपरेशन कर जबड़े में फंसी गोली निकाल दी गई। एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि घायल दुकानदार के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 22 साल बाद केंद्रीय विद्यालय के लिए हुआ भूमि पूजन, 52 करोड़ की लागत से बनकर होगा तैयार

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के हाजीपुर में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के 23 वर्षों के इंतजार के बाद बीते साल भूमि पूजन कर दिया गया। चार एकड़ भूमि में लगभग 52 करोड़ रुपये की लागत से दो वर्षों में विद्यालय का भवन निर्माण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस विद्यालय के बनने से 75 प्रतिशत सीटें स्थानीय बच्चों के लिए और 25 प्रतिशत केंद्रीय कर्मचारियों के बच्चों के लिए आरक्षित होंगी।केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए वर्ष 2003 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान ने पहल की थी। लेकिन जमीन उपलब्ध न होने के कारण शहर के दिग्गी कला स्थित डायट परिसर में विद्यालय का संचालन किया जाता रहा। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हाजीपुर के पूर्व शिक्षक बताते हैं कि एक समय इस विद्यालय में नामांकन बंद कर इसे बंद करने की तैयारी भी की जा रही थी। तब अभिभावकों और पूर्व प्रतिनिधि अवधेश सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चिराग पासवान से मिला। चिराग पासवान ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बाधाओं को दूर कर विद्यालय के लिए जमीन उपलब्ध कराने में पहल की। हाजीपुर में 2003 में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हुई थी, लेकिन 22 वर्षों तक भूमि की प्रतीक्षा जारी रही। 2024 में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के प्रयास से हाजीपुर-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर होटल प्रबंधन संस्थान के पास पीडब्ल्यूडी की 4 एकड़ जमीन के लिए प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया। 2025 में केंद्रीय विद्यालय को जमीन देने की मंजूरी मिली। विद्यालय के भवन निर्माण के लिए 52 करोड़ रुपये का मॉडल स्टीमेट तैयार किया गया है। इसे दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। खास बात यह है कि इस विद्यालय की मंजूरी पब्लिक सेक्टर के तहत दी गई है, जिसमें 75 प्रतिशत सीटें स्थानीय बच्चों के लिए और 25 प्रतिशत सीटें केंद्रीय कर्मचारियों के बच्चों के लिए आरक्षित होंगी। इससे सामान्य बच्चों को भी काफी लाभ मिलेगा।2025 को भूमि पूजन के बाद प्रशासनिक प्रक्रिया, बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य तंत्र की व्यस्तता के कारण जमीन की रजिस्ट्री में पांच माह लग गए। वैशाली की जिला अधिकारी वर्षा सिंह के विशेष प्रयासों से जमीन की रजिस्ट्री पूरी हुई। कार्यस्थल पर पुराने ढांचे को गिराने का काम तेजी से चल रहा है। निर्माण कार्य सीपीडब्ल्यूडी को सौंपा जाएगा और केंद्रीय विद्यालय के जल्द निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है।

### 5000 रुपये के कर्ज को लेकर युवक की गोली मारकर हत्या, मातम का माहौल, जांच में जुटी पुलिस

**नालंदा।** बिहार के नालंदा जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला डम्बर बिगहा गांव का है, जहां 21 वर्षीय युवक सौरभ कुमार की केवल 5,000 रुपये के कर्ज को लेकर गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना ने पूरे गांव में सनसनी मचा दी है। घटना के अनुसार, बीती रात मृतक को कॉल करके घर से बाहर बुलाया गया। सौरभ कुमार की मां ने बताया कि कर्ज वापस करने के बहाने बेटे को बुलाया गया था, लेकिन यह एक योजनाबद्ध हत्या थी। सौरभ अपने दोस्त के साथ कर्ज की रकम लेने के लिए गांव के पास पहुंचे ही थे कि तभी अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। उनके दोस्त ने बीच बचाव करने की कोशिश की, लेकिन अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। परिवार के अनुसार, सौरभ कुमार की हत्या रुपए के बकाया विवाद को लेकर की गई। घायल अवस्था में सौरभ को परिजन आनन-फानन में विम्स पावापुरी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पर डीएसपी और मानपुर थाना सहित आसपास की पुलिस मौके पर पहुंची और उग्र परिजनों को शांत कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहार शरीफ भेजा। नूरुल हक, अरढ बिहार शरीफ, ने बताया कि एफएसएल की टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि यह हत्या योजनाबद्ध तरीके से की गई थी।

# बिहार के कई जिले में होली पर डीजे बैन: जिला प्रशासन सख्त, शांति व्यवस्था के लिए व्यापक तैयारी

**एजेंसी। पटना**



सारण में होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इस संबंध में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव और वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विधि-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।बैठक में निर्णय लिया गया कि होली के अवसर पर जिले में डीजे के संचालन पर पूर्णतः रोक रहेगी। सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें स्पष्ट रूप से निर्देश देने और सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है। साथ ही अश्लील और भड़काऊ गीत बजाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सार्वजनिक जुलूस के लिए लाइसेंस अनिवार्य होगा। बिना अनुमति जुलूस निकालने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि होली के दौरान शांति और भाईचारा बनाए रखें। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले वर्षों के अनुभव के आधार पर संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करने और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर फ्लैग मार्च और रात्रि गश्ती अभियान भी चलाया जाएगा, ताकि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने बताया कि मद्य निषेध कानून का सख्ती से पालन कराया जाएगा। प्रभावी आसूचना संकलन के आधार पर त्वरित और ठोस कार्रवाई की जाएगी तथा आवश्यक मामलों में सीसीए के तहत प्रस्ताव भेजे जाएंगे। सभी थानों को स्थानीय शांति समिति की बैठक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट साझा करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय थाना या जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर 9031036406 पर दें।

# पूर्व सांसद व वरिष्ठ नेता पूर्णमासी राम का पटना में निधन, गोपालगंज और बगहा क्षेत्र में शोक की लहर

**एजेंसी। पटना**



बिहार की राजनीति के वरिष्ठ नेता और गोपालगंज के पूर्व सांसद पूर्णमासी राम का बुधवार को निधन हो गया। उन्होंने पटना स्थित रूबन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही बिहार के राजनीतिक गलियारों, विशेषकर गोपालगंज और बगहा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।पूर्णमासी राम बिहार के कद्दावर दलित नेताओं में शुमार थे। उन्होंने गोपालगंज सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और सांसद के रूप में क्षेत्रीय समस्याओं को संसद में मजबूती से उठाया। इससे पूर्व वे पश्चिम चंपारण जिले के बगहा विधानसभा क्षेत्र से लगातार पांच बार विधायक निर्वाचित हुए थे। बगहा में उनकी लोकप्रियता और मजबूत जनाधार का अंदाजा इसी से लगाया जाता है कि उन्होंने कई दशकों तक क्षेत्र की राजनीति में प्रभाव बनाए रखा।वे बिहार सरकार में तीन बार मंत्री रहे। उन्होंने दो बार राज्य मंत्री तथा एक बार कैबिनेट मंत्री के रूप में जिम्मेदारियां निभाईं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया। उपूर्णमासी राम को सामाजिक न्याय के पैरोकार के रूप में भी याद किया जाता है। उन्होंने दलितों, वंचितों और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर संघर्ष किया। सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण वे सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों में सम्मानित थे। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। नेताओं ने इसे बिहार की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। अपने पीछे वे भरा-पूरा परिवार और हजारों समर्थक छोड़ गए हैं, जो अपने जनप्रिय नेता के निधन से मर्माहत हैं।

## एक नजर

### छपरा में सेक्स रैकेट का खुलासा : एक महिला सहित दो युवक गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

**सारण।** सारण जिले के छपरा शहर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मकान में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। भगवान बाजार थाना क्षेत्र के अस्पताल चौक के समीप स्थित एक घर में पिछले सात महीनों से यह अवैध धंधा संचालित किया जा रहा था। मोहल्ले के लोगों के अनुसार, इस धंधे का संचालन शाहरुख नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था। स्थानीय लोगों ने उसे कई बार इस गतिविधि को बंद करने की चेतावनी दी थी, लेकिन वह चोरी-छिपे देह-व्यापार का काम जारी रखे हुए था। बताया जा रहा है कि करीब दो वर्ष पूर्व भी शाहरुख द्वारा पड़ोस के एक अन्य मकान में इसी तरह का धंधा चलाया गया था, जिसका भंडाफोड़ होने पर उसकी गिरफ्तारी भी हुई थी। मोहल्लेवासियों ने मौका पाकर घर को बाहर से बंद करने की कोशिश की। इस दौरान शाहरुख और उसके साथियों ने विरोध करते हुए मारपीट शुरू कर दी। हंगामे के बीच कुछ युवक मौके से फरार हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत 112 डायल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 112 डायल पुलिस और भगवान बाजार थाना की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घर से दो युवकों और एक महिला को हिरासत में लिया है। सभी से पूछताछ की जा रही है, जबकि मुख्य आरोपी शाहरुख फरार बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### बिहार में 14 हजार नए स्थानों पर बनेगी जेब्रा क्रॉसिंग, 30 अप्रैल तक कार्य पूरा करने का निर्देश

**पटना।** बिहार में पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए नीतीश सरकार ने जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण कराये जाने का निर्णय लिया है। राज्य में 14 हजार नए स्थानों पर जेब्रा क्रॉसिंग बनाये जाएंगे। 30 अप्रैल 2026 तक सड़कों पर सभी चिन्हित जेब्रा कॉसिंग का निर्माण करने का निर्देश दिया गया है। जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण एवं पेंटिंग का कार्य पूर्ण कराने के लिए विकास आयुक्त समय सीमा तय की है। निर्धारित समय सीमा में कार्य कराने के लिए पथ संबंधी विभाग/प्राधिकरण को निर्देश दिया गया है। राज्य में पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए पथ एवं अन्य विभागों द्वारा जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण के लगभग 14 हजार नए स्थल चिन्हित किये गए हैं। इन चिन्हित स्थलों पर 30 अप्रैल 2026 तक जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण एवं पेंटिंग का कार्य पूर्ण कराया जाएगा। इस संबंध में विकास आयुक्त, बिहार द्वारा सभी पथ संबंधित विभागों एवं प्राधिकरणों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी चयनित स्थलों पर मानक अनुरूप एवं दृष्टिगोचर जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण सुनिश्चित किया जाए। गौरतलब है कि परिवहन विभाग, बिहार सड़क सुरक्षा परिषद द्वारा जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण के लिए विभिन्न विभागों से चयनित स्थलों की सूची मांगी गई थी। पथ निर्माण विभाग - 342, ग्रामीण कार्य विभाग- 12858 तथा एनएचआई द्वारा 88 स्थलों पर जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण प्रस्तावित है। पूर्व से पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य एवं एनएचआई द्वारा लगभग 9500 जेब्रा क्रॉसिंग निर्मित हैं। सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में राज्यभर में जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण की प्रगति की समीक्षा की गई। बताया गया कि राज्य में चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों, विद्यालयों, अस्पतालों, बाजार क्षेत्रों, तथा अधिक यातायात वाले प्रमुख चौराहों के निकट जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

# बिहार पुलिस में अनफिट रवैया खत्म, जवानों के लिए रोजाना दौड़ और कड़ी कार्रवाई अनिवार्य

**एजेंसी। पटना**

बिहार पुलिस की छवि को लेकर वर्षों से एक रूढ़ तस्वीर लोगों के मन में बनी रही–ढीली-ढाली वर्दी, थुलथुल काया और औपचारिक ड्यूटी। लेकिन अब यह तस्वीर तेजी से बदलने जा रही है। राज्य स्तर पर पुलिस मुख्यालय ने स्मार्ट पुलिसिंग को धरातल पर उतारने के लिए एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाया है। अब लक्ष्य सिर्फ अपराध नियंत्रण नहीं, बल्कि फिट, फुतीर्ली और पेशेवर पुलिस फोर्स तैयार करना है। नई



व्यवस्था के तहत राज्य के सभी पुलिस केंद्रों में जवानों और अधिकारियों की रोजाना सुबह अनिवार्य उपस्थिति दर्ज होगी। प्रत्येक दिन कम से कम एक घंटे का शारीरिक प्रशिक्षण, दौड़ और व्यायाम किया जाएगा। इसका उद्देश्य केवल वजन कम करना नहीं, बल्कि पूरी पुलिस फोर्स को चुस्त-दुरुस्त, सक्रिय और मानसिक रूप से भी सशक्त बनाना है। अब पुलिसकर्मी बैरक या सरकारी आवास में आराम फरमाने के बजाय मैदान में पसीना बहाते नजर आएंगे। इस पहल के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों के पुलिस केंद्रों में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सिंथेटिक ट्रैक तैयार किए जाएंगे। पालीयूरेथेन या लैटेक्स आधारित इन ट्रैकों पर दौड़ना पारंपरिक कच्चे या सीमेंटेड मैदान की तुलना में अधिक सुरक्षित और प्रभावी माना जाता है। इन ट्रैकों पर नियमित दौड़ लगाने से न केवल वजन नियंत्रित रहेगा, बल्कि मांसपेशियों को मजबूती मिलेगी और सहनशक्ति में भी वृद्धि होगी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार नियमित दौड़ और व्यायाम से बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है, उच्च रक्तचाप नियंत्रित रहता है और हृदय स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार आता है। पुलिसकर्मियों की ड्यूटी अक्सर तनावपूर्ण और अनियमित समय-सारिणी वाली होती है। ऐसे में शारीरिक फिटनेस उनके मानसिक संतुलन और निर्णय क्षमता को भी मजबूत बनाती है। सिंथेटिक ट्रैक का एक अतिरिक्त लाभ यह भी है कि दौड़ते समय गिरने पर चोट की आशंका कम रहती है, जिससे प्रशिक्षण सुरक्षित रहता है। इस नई व्यवस्था की मॉनिटरिंग उच्च स्तर पर की जाएगी। एसएसपी, एसपी, डीएसपी और अन्य वरीय अधिकारी स्वयं सुबह के अभ्यास सत्र में मौजूद रहेंगे और जवानों की उपस्थिति तथा प्रदर्शन की निगरानी करेंगे।

# नितिन नवीन ने नेहरू पर लगाया बड़ा आरोप कहा- तिब्बत में भारत के अधिकार चीन को सौंप दिए



**एजेंसी। पटना**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नेहरू-गांधी परिवार पर हमला बोला है। बुधवार सुबह उन्होंने उन्होंने इसे “समझौता मिशन” की राजनीति बताते हुए आरोप लगाया कि परिवार के हितों को देशहित से ऊपर रखा गया। नवीन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1954 में बिना किसी प्रतिफल के तिब्बत में भारत के अधिकार चीन को सौंप दिए। उन्होंने कहा कि नेहरू ने कभी 45 करोड़ भारतीयों को अपनी “जिम्मेदारी” बताया था, लेकिन उनके फैसलों ने राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाया। भाजपा अध्यक्ष ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि उस समय रक्षा सौदों का इस्तेमाल निजी हितों के लिए किया गया। उन्होंने दावा किया कि रक्षा सेवाओं के माध्यम से निजी बैंक खातों को भरने का काम हुआ। नवीन ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को विदेशी शक्तियों की कठपुतली बताते हुए कहा कि कांग्रेस का चुनावी इतिहास कथित तौर पर सीआईए फंडिंग से प्रभावित रहा है। **एजेंसी। पटना**उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी ने 247 से अधिक विदेशी यात्राएं कीं, जिनमें कई बार सुरक्षा एजेंसियों को सूचना नहीं दी गई। उन्होंने विदेशी नेताओं, जैसे इल्हान ओमर और निवेशक जॉर्ज सोरोस से मुलाकातों पर भी सवाल उठाए।

### राहुल गांधी पर लगाए गंभीर आरोप

नवीन ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को “विदेशी शक्तियों की कठपुतली” बताते हुए कहा कि कांग्रेस का चुनावी इतिहास कथित तौर पर सीआईए फंडिंग से प्रभावित रहा है। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी ने 247 से अधिक विदेशी यात्राएं कीं, जिनमें कई बार सुरक्षा एजेंसियों को सूचना नहीं दी गई। उन्होंने विदेशी नेताओं, जैसे इल्हान ओमर और निवेशक जॉर्ज सोरोस से मुलाकातों पर भी सवाल उठाए।

### सोनिया गांधी को लेकर क्या कहा?

नवीन ने आरोप लगाया कि 2004 से 2014 के बीच राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के जरिये सोनिया गांधी ने सुपर प्रधानमंत्री की तरह काम किया और समानांतर सरकार चलाई। उन्होंने दावा किया कि इसी दौरान राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी सरकार और जॉर्ज सोरोस के नेटवर्क से फंडिंग मिली।

### नेहरू ने कहा था कि 45 करोड़ लोग मेरे लिए बोझ हैं : नितिन नवीन

उन्होंने दावा किया कि एक समय था जब नेहरू ने ही कहा था कि 45 करोड़ लोग मेरे लिए बोझ हैं. हम सब जानते हैं कि उनकी विदेशी ताकतों से कैसी नजदीकी थी. हमने देखा कि उन्होंने 1954 में तिब्बत पर भारत के अधिकार चीन को कैसे सौंप दिए. उन्होंने आगे कहा कि इंदिरा गांधी के समय में उक्अ ने कांग्रेस को प्रोपेगैंडा मनी दी थी. नवीन ने सोनिया गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि 2004 से 2014 के बीच सोनिया गांधी सुपर पीएम' थीं. इसी दौरान राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी सरकार से फंडिंग मिली यह सब कम्प्रोमाइज मिशन' का हिस्सा था।

# बच्चा चोर से सावधान : सीसीटीवी के गायनी वार्ड से नवजात की चोरी, सीसीटीवी की मदद से पकड़ी गई महिला

**एजेंसी। पटना**

पटना के सबसे बड़े अस्पताल पीएमसीएच में उस वक्त अफरा-तफरी मच गयी जब गायनी वार्ड में नवजात शिशु को चुराते एक महिला चोर को पकड़ा गया। अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों और पुलिस की सक्रियता से नवजात शिशु को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। आरोपी महिला ने बताया कि उसे संतान नहीं हो रहा था जिसके कारण पारिवारिक दबाव का सामना करना पड़ रहा था। जिसके चलते ही उसने यह कदम उठाया। नवजात शिशु को चुराने का मामला 23 फरवरी को सामने आया था। मिली जानकारी के अनुसार, पटना के बुद्ध मार्ग स्थित कमला नेहरू के रहने वाले भोला पासवान की पत्नी ने 22 फरवरी की देर रात पीएमसीएच के गायनी वार्ड में एक बेटे को जन्म दिया था। प्रसव के कुछ घंटों बाद जब पति किसी कार्य से बाहर गए और प्रसूता वार्ड में उनकी पत्नी अकेली थी। तभी एक महिला ने खुद को वहां भर्ती मरीज का रिश्तेदार बताकर उससे बातचीत करने लगी। विश्वास में लेने के बाद आरोपी महिला मौके की तलाश में दिनभर लगी रही। तभी दोपहर एक



बजे के समय जब बच्चे की मां बेड पर आराम कर रही थी, तभी आरोपी महिला नवजात बच्चे को कपड़े में लपेटकर वार्ड से बाहर निकल गयी। कुछ देर बाद बच्चे की मां जब बच्चे को दूध पिलाने के लिए उठी तो देखा की बच्चा गायब है। फिर वह चीख-चीख कर रोने लगी। उसके रोने की आवास सुनकर लोग इक्ठ्ठा हो गये। परिजनों को बच्चे के गायब होने की सूचना मिली तब वो बच्चे को इधर-उधर खोजबीन करन लगे। इस दौरान अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। इस बात की सूचना स्थानीय थाने को दी गयी। जिसके मौके पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो उसमें एक संदिग्ध महिला अस्पताल परिसर से बाहर जाती दिखाई दी। सुरक्षा कर्मियों और परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए अस्पताल गेट के पास महिला को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। वही नवजात को सुरक्षित मां के पास ले जाया गया। बच्चा चोर महिला से जब पूछताछ की गयी तब उसने बताया कि संतान नहीं होने के कारण उसे पारिवारिक दबाव का सामना करना पड़ रहा था। जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर उक्त बच्चा चोर की आरोपी महिला को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस मामले के बाद अस्पताल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना : बिहार की लाखों महिलाओं को मिलेगा मुफ्त गैस कनेक्शन, 25 लाख कनेक्शन स्वीकृत

**एजेंसी। पटना**

बिहार में मुफ्त गैस कनेक्शन की प्रतीक्षा कर रही करीब 10 लाख महिलाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। केंद्र सरकार ने राज्य को 25 लाख प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन देने की प्रक्रिया को हरी झंडी दे दी है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने चालू वित्तीय वर्ष में बिहार के लिए 25 लाख उज्ज्वला कनेक्शन स्वीकृत किए हैं। योजना के तहत ये गैस कनेक्शन बीपीएल परिवारों को दिए जाएंगे, जो अब तक खाना बनाने के लिए लकड़ी, कोयला या अन्य पारंपरिक ईंधन पर निर्भर हैं।मंत्रालय ने राज्य सरकार के साथ-साथ सभी गैस कंपनियों को भी 25 लाख कनेक्शन जारी करने के निर्देश दे दिए हैं। मंत्रालय की मंजूरी के बाद खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के विशेष सचिव उपेंद्र कुमार ने सभी जिलों को उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन जारी करने का आदेश दिया है।विशेष सचिव ने निर्देश दिया है कि गैस कनेक्शन लेने की प्रक्रिया को और सरल बनाया जाए, ताकि हर पात्र लाभार्थी आसानी से इसका लाभ उठा सके।




इसके लिए व्यापक स्तर पर लोगों को योजना की जानकारी दी जा रही है और इसके फायदों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस पहल से न सिर्फ महिलाओं का जीवन स्तर सुधरेगा, बल्कि पारंपरिक ईंधन से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान में भी कमी आएगी। सभी जिलों में उज्ज्वला समिति गठित की गई है, जो आवेदनों की जांच कर पात्र लोगों को कनेक्शन उपलब्ध कराएगी। वर्तमान में राज्य में इस योजना के तहत करीब 10 लाख आवेदन लंबित हैं। मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान यह मुद्दा सामने आने पर राज्य सरकार ने केंद्र का ध्यान आकर्षित किया था और पात्र लाभार्थियों को शीघ्र गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। इस निर्णय से बिहार की लाखों महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है।

# पटना में मीट-मछली दुकानों पर सख्ती,हर दुकान को मिलेगा यूनिक क्यूआर कोड, हर हाल में लेना होगा लाइसेंस

**एजेंसी। पटना**

पटना शहर में मांस और मछली की बिक्री को लेकर बड़ा प्रशासनिक बदलाव देखने को मिल रहा है। पीएमसी ने नई गाइडलाइन जारी करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अब राजधानी में कोई भी मीट या फिश शॉप बिना लाइसेंस के संचालित नहीं हो सकेगी। निगम का दावा है कि यह कदम शहर में स्वच्छता, पारदर्शिता और सार्वजनिक स्वास्थ्य को मजबूत करने की दिशा में निर्णायक साबित होगा। नगर आयुक्त यशपाल मीणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया कि अब सभी मांस-मछली विक्रेताओं को वार्षिक लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। इसके लिए 2,000 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। हालांकि, गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) आने वाले दुकानदारों को राहत देते हुए उन्हें केवल 20 रुपये आवेदन शुल्क पर लाइसेंस उपलब्ध कराया जाएगा।लाइसेंस जारी होने के बाद हर दुकान को एक “यूनिक क्यूआर कोड” दिया जाएगा। इस क्यूआर कोड में दुकान का नाम, संचालक का विवरण, लाइसेंस की वैधता और स्वच्छता मानकों की स्थिति दर्ज रहेगी। ग्राहक अपने



मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर दुकान की प्रमाणिकता जांच सकेंगे। इससे अवैध और अस्वच्छ दुकानों पर स्वतः अंकुश लगने की उम्मीद है। निगम द्वारा हाल ही में कराए गए सर्वेक्षण में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। शहर के विभिन्न अंचलों में 1400 से अधिक ऐसी दुकानें चिन्हित की गई हैं, जो बिना लाइसेंस के संचालित हो रही थीं या स्वच्छता मानकों का पालन नहीं कर रही थीं। कई क्षेत्रों में वर्षों से लाइसेंस प्रणाली निष्क्रिय पड़ी थी और खुले में मांस-मछली की बिक्री आम बात बन चुकी थी। प्रशासन ने इन सभी दुकानदारों को नोटिस जारी कर निर्धारित समयसीमा में लाइसेंस के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया है। तय अवधि में आवेदन नहीं करने पर जुमार्ना, लाइसेंस निरस्तीकरण और दुकान सील करने जैसी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। नई व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए निगम एक विशेष उड़नदस्ता टीम गठित करने जा रहा है। यह टीम राजधानी के विभिन्न इलाकों में औचक निरीक्षण करेगी। जांच के दौरान खुले में बिक्री, गंदगी, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वास्थ्य मानकों की स्थिति का आकलन किया जाएगा। निगम अधिकारियों का कहना है कि नियमित निरीक्षण से न केवल अवैध दुकानों पर रोक लगेगी, बल्कि वैध दुकानदारों को भी निर्धारित मानकों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। नियमों के उल्लंघन पर आर्थिक दंड के साथ लाइसेंस निलंबन जैसी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मौसम : फरवरी के अंत में बढ़ी गर्मी, सुबह–शाम ठंड बरकरार

**एजेंसी। पटना**

बिहार में इन दिनों मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। राजधानी पटना समेत राज्य के ज्यादातर जिलों में दिन के समय तापमान बढ़ने लगा है, जिससे लोगों को हल्की गर्मी महसूस हो रही है। वहीं सुबह और शाम के समय अभी भी हल्की ठंड बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, यह बदलाव फरवरी के अंत और मार्च की शुरूआत में सामान्य माना जाता है, जब सर्दी धीरे-धीरे विदा लेती है और गर्मी दस्तक देने लगती है। राज्य के कई हिस्सों जैसे गया, मुजफ्फरपुर और भागलपुर में अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। जबकि न्यूनतम तापमान 14



से 18 डिग्री के आसपास बना हुआ है। इस कारण दिन में धूप तेज लग रही है, लेकिन सुबह और रात के समय हल्की ठंड लोगों को राहत दे रही है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर फिलहाल कम है, जिससे आसमान साफ बना हुआ है और धूप तेज निकल रही है। हालांकि, अगले कुछ दिनों में हल्के बादल छाने की संभावना जताई गई है। कुछ इलाकों में हवा की गति भी बढ़ सकती है, जिससे तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिल सकती है। कृषि के लिहाज से यह मौसम काफी अहम माना जा रहा है। गेहूं, चना और सरसों जैसी रबी फसलों के लिए यह तापमान अनुकूल है। दिन में धूप और रात में हल्की ठंड फसलों की वृद्धि के लिए बेहतर स्थिति बना रही है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, किसानों को इस समय सिंचाई और उर्वरक के उपयोग पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि फसल की पैदावार अच्छी हो सके। हालांकि, मौसम में यह बदलाव स्वास्थ्य पर भी असर डाल सकता है। दिन में गर्मी और सुबह-शाम ठंड के कारण सर्दी-खांसी और वायरल संक्रमण के मामले बढ़ सकते हैं। डॉक्टरों की सलाह है कि लोग सुबह और रात के समय हल्के गर्म कपड़े जरूर पहनें और दिन में तेज धूप से बचाव करें। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को इस बदलते मौसम में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। मौसम विभाग का अनुमान है कि मार्च के दूसरे सप्ताह से तापमान में और तेजी से बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही गर्मी का असर भी बढ़ने लगेगा और लोगों को पंखे, कूलर और एसी की जरूरत महसूस होने लगेगी। फिलहाल मौसम सुहावना बना हुआ है, लेकिन आने वाले दिनों में गर्मी धीरे-धीरे अपने तेवर दिखाने लगेगी। कुल मिलाकर, बिहार में मौसम इस समय संक्रमण काल में है, जहां सर्दी और गर्मी का मिश्रित असर देखने को मिल रहा है। लोगों को इस बदलते मौसम के अनुसार अपनी दिनचर्या और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना होगा।

# बाइक चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा गया युवक, डायल 112 की टीम ने दबोचा, मास्टर चाबी भी बरामद

**एजेंसी। पटना**

पूर्वी चंपारण के आदापुर थाना क्षेत्र के श्यामपुर बाजार में स्थानीय लोगों की सजगता और पुलिस की तत्परता से एक युवक को मोटरसाइकिल चोरी करते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान रंजीत कुमार (20 वर्ष), पिता गंभीरा साह, निवासी बेलदरबा वार्ड संख्या 06, थाना आदापुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रंजीत कुमार श्यामपुर बाजार में दुकानदार रविशंकर सिंह, निवासी अर्रा की मोटरसाइकिल चोरी कर भागने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया।पुलिस ने आरोपी के पास से एक मास्टर चाबी और मोटरसाइकिल संख्या BR05AD-16011601 (हीरो स्प्लेंडर) बरामद की। थानाध्यक्ष ने बताया कि रंजीत कुमार पर पहले भी शराब से संबंधित एक मामला दर्ज है। उगिरफ्तारी अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष पप्पू कुमार पासवान ने किया। इस कार्रवाई में एसआई पंकज कुमार, एसआई हरेराम प्रसाद, डायल-112 के एएसआई हसनैन खान, सिपाही हैप्पी शुक्ला तथा चौकीदार मनोज राय और भरत पासवान की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक कार्रवाई शुरू कर दी है।